डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्याः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2022 / 18076 **दिनांकः** 13-12-2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एम0टेक0 / एम0फार्म0 / एम0आर्क0 / एम0यू0आर0पी0 / एम0डेस0 पाठ्यक्रम संचालित करने वाले समस्त निजी क्षेत्र में स्थापित प्राविधिक संस्थान

विषयः सत्र 2022–23 में एम0टेक0 / एम0फार्म0 / एम0आर्क0 / एम0यू0आर0पी0 / एम0डेस0 पाठ्यक्रम में ''डायरेक्ट एडमीशन'' अनुमति के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में संबंधित हितधारकों को अवगत कराना है कि ''डायरेक्ट एडमीशन'' हेतु एम0टेक0 / एम0फार्म0 / एम0आर्क0 / एम0यू0आर0पी0 / एम0डेस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम अर्हता वहीं होगी जो संबंधित नियामक संगठन (ए0आई0सी0टी0ई0 / पी0सी0आई0 / सी0ओ0ए0) द्वारा प्रावधानित है। प्री–रजिस्ट्रेशन दिनांकः 14.12.2022 से दिनांकः 20.12.2022 तक करना सुनिश्चित करें।

पंजीकरण प्रकिया के इच्छुक अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध ई0आर0पी0 माड्यूल के अन्तर्गत उपलब्ध पंजीकरण व्यवस्था के माध्यम से आवेदन करना होगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क निम्नानुसार ऑनलाइन भुगतान अनिवार्य होगा।

1. गेट (GATE) / जीपेट(GPAT) / CUET (PG) में सम्मिलित एवं कमांक धारक विद्यार्थी :–

उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के विद्यार्थी	रू0 1000 / –
उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थी एवं समस्त वर्ग की महिला विद्यार्थी	रू0 500 / –

2. प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी गेट (GATE) / जीपेट(GPAT) / CUET (PG) की परीक्षा नहीं दी, परन्तु प्रवेश के इच्छुक हैं एवं प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित करते हैं।

उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 के समस्त श्रेणी के पुरुष विद्यार्थी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के विद्यार्थी	रू0 2300 / –
उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्र एवं समस्त वर्ग की महिला विद्यार्थी	रू0 1150 / –

एम0टेक0 / एम0आर्क0 / एम0डेस0 / एम0यू0आर0पी0 में प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता उन अभ्यर्थियों को अनुमन्य की जाएगी जिन्होंने संबंधित विधा में GATE की परीक्षा उत्तीर्ण की है, जबकि एम0फार्म0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता उन अभ्यर्थियों को दी जायेगी, जिन्होंने विधा GPAT की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

अतः उक्त से अवगत होते हुए उपरोक्त संबंधित समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय
13/12/2022
(सचिन कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः यथोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी, अ0क0प्रा0वि0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, अ0क0प्रा0वि0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, अ0क0प्रा0वि0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, अ0क0प्रा0वि0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
5. स्टाफ आफिसर, मा0 कुलपति महोदय, अ0क0प्रा0वि0, लखनऊ।

13/12/2022
(सचिन कुमार सिंह)
कुलसचिव